दस हजार की रिश्वत के साथ ग्राम सचिव धराया

सड़क निर्माण कार्य के पैसे निकालने के एवज में मांगी थी रिश्वत, ईओडब्ल्यू ने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

रीवा, 14 मई. ईओडब्ल्यू रीवा की टीम ने ग्राम सचिव ग्राम पंचायत बलभद्रगढ़ जनपद हनुमना जिला मऊगंज को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया.

आवेदक से पी.सी.सी. रोड निर्माण कार्य का पैसा निकालने के एवज में एक लाख रुपये मांग रहा था रिश्वत दस हजार रुपये लेते रंगेहाथ हुआ ट्रेप ईओडब्ल्यू टीम रीवा के द्वारा गुरुवार को जिला मऊगंज के ग्राम पंचायत बलभद्रगढ़ जनपद हनुमना के रिश्वत खोर ग्राम सचिव, शरदचन्द्र गिरी को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। उक्त ग्राम सचिव पुलिया निर्माण कार्य एवं पी.सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य का पैसा निकालने के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था।

फरियादी प्रकाश यादव निवासी ग्राम पंचायत बलभद्रगढ़ जनपद हनुमना जिला मऊगंज बलभद्रगढ़ पंचायत के सरपंच का पति है, जिसने 12 मई को ग्राम पंचायत में कार्य के बदले भुगतान हेतु आवेदन किया था, परन्तु उक्त भुगतान सचिव के डीएससी सिग्नेचर एवं ओटीपी जनरेट करने के बाद ही संभव था, सचिव डीएससी सिग्नेचर एवं ओटीपी जनरेट करने के लिए एक लाख रुपये रिश्वत की मांग कर रहा था जिसकी पहली किस्त दस हजार रुपये गुरुवार को शरदचन्द्र गिरी ने जैसे ही ली वैसे ही ईओडब्ल्यूरीवा की टीम ने आरोपी ग्राम सचिव शरदचन्द्र गिरी, को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया।

कार्रवाई में इनका रहा योगदान

सम्पूर्ण कार्यवाही में सराहनीय भूमिका निभाने वाली टीम के सदस्य, उ0पु0अधीक्षक सुश्री किरण किरो निरीक्षक मोहित सक्सेना, उप निरीक्षक अभिषेक पाण्डेय, उप निरीक्षक पवन राज, उप निरी0 (अ) संतोष पाण्डेय, प्र0आर0 पुष्पेन्द्र पटेल, प्र0आर0 सत्यनारायण मिश्रा, प्र0आर0 घनश्याम त्रिपाठी, म0प्र0आर0 कुमारी पूजा सिंह गहरवार, आर0 धनंजय अग्निहोत्री, आरक्षक (चालक) संतोष मिश्रा रहे हैं।

अज्ञात वाहन की टक्कर से तेंदुए की मौत

टोल नाके के फुटेज खंगाल रही वन विभाग की टीम

नवभारत न्यूज

पन्ना/पवई 14 मई. दक्षिण पन्ना वनमण्डल के पवई रेंज अंतर्गत नेशनल हाईवे 43 पर रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहाँ शिकारपुरा के पास एक अज्ञात वाहन ने तेंदुए को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में तेंदुए की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने सक्रियता दिखाते हुए मोर्चा संभाल लिया है और आरोपी वाहन की तलाश तेज कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार रात करीब 9:35 बजे वन विभाग को हाईवे पर तेंदुए के घायल होने की खबर मिली थी, जिसके मात्र 15 मिनट के भीतर पवई परिक्षेत्र की टीम ने मौके पर पहुँचकर मोर्चा संभाल लिया। वनकर्मियों ने जब तेंदुए का प्रारंभिक परीक्षण किया, तो उसकी श्वसन प्रक्रिया और आँखों की पुतलियों में कोई हलचल नहीं मिली। सीने की गतिविधि बंद होने और गंभीर आंतरिक चोटों के कारण मौके पर ही उसकी मृत्यु की पुष्टि की गई। विभाग ने तत्काल तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल की घेराबंदी कर उसे पूरी तरह सुरक्षित कर दिया, ताकि साक्ष्यों के साथ कोई छेड़छाड़ न हो सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की एक विशेष टीम शाहनगर स्थित टोल प्लाजा भेजी गई है, जहाँ सीसीटीवी कैमरों की बारीकी से जांच की जा रही है ताकि दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन का सुराग मिल सके। वहीं, पन्ना टाइगर रिजर्व के डॉग स्क्वाड को भी शुक्रवार सुबह मौके पर बुलाया गया है, जो घटनास्थल के आसपास सघन तलाशी अभियान चलाएगा।

डॉग स्क्वाड और फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाने के बाद ही तेंदुए के शव को सड़क से हटाया जाएगा। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम की कार्यवाही राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की निर्धारित एसओपी और प्रोटोकॉल के तहत की जाएगी, जिसके बाद ही तेंदुए का ससम्मान अंतिम संस्कार होगा। फिलहाल, वन अमला पूरी रात घटनास्थल की निगरानी में जुटा रहा।

दो के चेहरे पर एक्टीवेट हुए 1685 सिम

रामपुर पुलिस ने की कार्रवाई, 2 सेल्स एजेंट गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सतना 14 मई. राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन फेस के अंतर्गत रामपुर बघेलान पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में चौंकाने वाला खुलासा सामने आया. महज 2 व्यक्तियों के चेहरे पर कुल 1685 सिम कार्ड एक्टीवेट कर दिए गए. यह फर्जीवाड़ा करने वाले 2 सेल्स एजेंटों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.

रामपुर बघेलान थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय से प्राप्त दिशा निर्देशों के आधार पर ऑपरेशन फेस यानी फेसियल रिकगनिशन टूल के माध्यम से फर्जी मोबाइल सिम की पहचान कर कार्रवाई संबंधी दिशा निर्देश दिए गए हैं. इसी कड़ी में दूरसंचार विभाग द्वारा वर्ष 2020 से लेकर 2023 के बीच का वह डेटा भी उपलब्ध कराया जा रहा है. जिसमें एक व्यक्ति के चेहरे पर 50 या उससे अधिक सिम एक्टीवेट हुए हैं. जिसके आधार पर राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय द्वारा रामपुर बघेलान पुलिस के साथ यह जानकारी साझा की गई कि उनके क्षेत्र में एक व्यक्ति के चेहरे पर 1027 और दूसरे व्यक्ति के चेहरे पर 658 सिम कार्ड एक्टीवेट हुए हैं. इस संबंध में संबंधित सेवा प्रदता कंपनी से संपर्क करने पर मालुम हुआ कि दो व्यक्तियों के चेहरे पर कुल 1685 सिम कार्ड एक्टीवेट करने के मामले में 2 सेल्स एजेंट राहुल सेन उम्र 31 वर्ष निवासी गुडुहुरु और अंकित अग्रवाल उम्र 28 वर्ष निवासी रामपुर नैकिन सीधी हाल निवासी टिकुरिया टोला सतना की प्रमुख भूमिका है. लिहाजा पुलिस ने सरगर्मी से तलाश करते हुए दोनों को दबोच लिया.

स्कीम के लाभ का चक्कर

दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस द्वारा उनसे पूछताछ शुरु की गई. जिसमें उन्होंने बताया कि वे 3 निजी सेवा प्रदाता कंपनियों के सेल्स एजेंट के तौर पर कार्य करते थे. कंपननियों द्वारा प्रत्येक सिम के एक्टीवेशन पर उन्हें कुछ इनसेंटिव दिया जाता था. जिसे देखते हुए उन्हें काफी संख्या में सिम एक्टीवेट कर लाभ कमाने का आइडिया मिला. लिहाजा राहुल ने जहां एक व्यक्ति के चेहरे पर 1027 सिम एक्टीवेट कर लिए. वहीं अंकित ने 658 सिम कार्ड सक्रिय किए. दोनों आरोपियों ने पुलिस को यह भी बताया कि सिम एक्टीवेट कर कंपनी से लाभ लेने के बाद उन्हें नष्ट भी कर दिया गया.

राशन दुकान हरदासपुर की संचालिका पर मामला दर्ज

सतना. 14 मई. कलेक्टर मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी के निर्देशन में खाद्यान्न वितरण में अनियमितता बरतने पर मां शारदा आजीविका स्व सहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान हरदासपुर की अध्यक्ष और विक्रेता रूपा दहिया के विरुद्ध कोतवाली मैहर में एफ आई आर दर्ज कराई गई है।संबंधित दुकान की विक्रेता द्वारा मार्च अप्रैल माह में उपभोक्ताओं का मशीन में अंगूठा लगाने के बावजूद खाद्यान्न का वितरण नहीं किया गया।

सिफ्ट बस की टक्कर से एक बाइक सवार श्रमिक की मौत

▶ दो भाइयों में एक की मौत, दूसरा घायल, चक्काजाम

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 14 मई। बंधौरा की ओर से बैढ़न आ रही पावर कंपनी सिफ्ट बस ने बाईक सवार भाइयों को खुटार बाजार में टक्कर मार दिया, जहां इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक भाई की घटनास्थल पर मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उक्त घटना के बाद तनाव स्थिति निर्मित हो गई है।

जानकारी के अनुसार खुटार पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम गहिलरा निवासी राजू सिंह खैरवार पिता शिवकुमार उम्र 40 वर्ष अपने भाई के साथ बैढ़न से मजदूरी कर वापस अपने मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे कि पावर कंपनी के बस चालक ने खुटार बाजार में टक्कर मार दिया। जहां एक युवक की मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया और कंपनी के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। यहां बताते चले कि उक्त कंपनी के बस ने दो माह के दौरान दूसरी बार घटना को अंजाम दिया है।

अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाली महिला गिरफ्तार

▶ सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर मांगे थे 5 लाख रुपये

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 14 मई। जिले के बैढ़न थाना क्षेत्र में अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार थाना बैढ़न में दर्ज अपराध में कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक सियाज केएम ने मीडिया कर्मियों को उक्त जानकारी से अवगत कराया है। इस दौरान एएसपी सर्वप्रिय सिन्हा, टीआई अशोक सिंह परिहार, अर्चना द्विवेदी मौजूद रहे। एसपी ने बताया कि बैढ़न निवासी एक डॉक्टर आलोक (परिवर्तित नाम) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके मोहल्ले में रहने वाली 24 वर्षीय महिला से इलाज के दौरान पहचान हुई थी। बाद में दोनों के बीच फोन पर बातचीत होने लगी। आरोप है कि 8 मई को महिला ने अपने एक साथी के साथ मिलकर वीडियो कॉल के दौरान अश्लील एवं आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड कर लिया और उसे वायरल करने की धमकी देकर 5 लाख रुपये की मांग करने लगी। रुपये नहीं देने पर आरोपी द्वारा वीडियो डॉक्टर की पत्नी एवं सोशल मीडिया पर भेजने की धमकी दी गई। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर महिला आरोपी को गिरफ्तार कर उसके मोबाइल फोन को जप्त कर लिया है। मामले में पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश और आगे की जांच कर रही.

अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत

सिंगरौली 14 मई। चितरंगी थाना क्षेत्र के ग्राम बड़कुड़ मुख्य मार्ग में बीती रात अज्ञात वाहन के टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार बड़कुड़ निवासी सूरजलाल कोल पिता दूधनाथ कोल उम्र 25 वर्ष मोटरसाइकिल में सवार होकर मॉ शारदा स्टोन क्रेशर से काम करने के बाद वापस घर आ रहा था कि अंधियारी टोला जंगल के पास अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दिया। जहां सूरजलाल की मौत हो गई।

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Also available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). *Fastest compared to all air-cooled engine motorcycles in 125cc segment as per internal testing applicable for ABS/CBS variant. **66 km/l with E5 petrol under standard tests; mileage may vary. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. ^Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. T&C apply. #Ex-Showroom price of Xtreme 125 IBS variant in Madhya Pradesh.

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलरः पथरियाः एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांडुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरूकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रूसिया मोटर्स 9425822392, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन : रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, खटखरी: खटखरी ऑटोमोबाइल, 9617241112, गुढ़: विंध्य मोटर्स, 9229072020, कोठी: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, 83058099514, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, रामपुर नैकिन (सीधी): लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 9406782277, दुधमनिया सिंगरौली: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, गढ़: अंबे मोटर्स, 9144881695, बीरसिंहपुर: तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, देवतालाब: वर्षा मोटर्स, 9424622310, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

SAATCHI & SAATCHI

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99